(c) the enquiries conducted during June and July, 1995 and the outcome thereof?

THE MINISTER OF STATE FOR URBAN DEVELOPMENT (SHRI R.K. DHAWAN): (a) and (b) Enquiries to detect cases of subletting are normally conducted during the office hours by two gazetted officers of the Directorate of Estates. The occupant of the house can ask for identity of the officials in the event of any doubt.

(c) The number of inspections conducted during June and July, 1995 are 98 out of which 53 cases of subletting have been identified.

गुजरात में रेलवे स्टेशनों पर सरंग पथों और यातायात पुलों का निर्माण

1078. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुंजरात के पंचमहाल, राजकोट, बडोदरा और सूरत जिलों में रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरने वाली रेल लाइनों पर पैदल पार पथों और यातायात पुलों के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन पुलों का निर्माण कब तक पूरा हो जाएगा और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी): (क) से (ग) जी नहीं, गुजरात सरकार ने राजकोट में महिला कालेज के समीप कि०मी० 4/6-7 पर समपार सं० 7 के बदले ऊपरी सड़क पुल के निर्माण का प्रस्ताव किया है। रेलों द्वारा अनुस्मारक भेजने के बावजूद, राज्य सरकार ने अभी तक पूर्व अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी नहीं की हैं।

पंचमहल, राजकोट, बडोदरा और सूरत जिलों के संबंध में ऊपरी सड़क/निचले सड़क पुल के लिए कोई दूसरा प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पोलियो के मामले

1079. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले एक दशक से मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पोलियो से ग्रस्त रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई व्यापक सर्वेक्षण करवाया गया है;

(ग) क्या छतीसगढ़ क्षेत्र में ऐसे मामलों का पता लगा है;

(घ) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस बीमारी का मुकाबला करने के लिये कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है;

(ङ) क्या मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा उक्त बीमारी के उन्मूलन के लिये कोई कार्यवाही की जा रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री ए० आर० अन्तुले): (क) से (ग) जी, नहीं। मध्य प्रदेश में सूचित किए गए मामलों की संख्या के जिलावार आंकड़ों आदिवासी क्षेत्रों में पोलियो की घटना में कोई वृद्धि नहीं दर्शाते हैं। आदिवासी क्षेत्रों अथवा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण नहीं किए गए हैं।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) और (च) पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान इस वर्ष से शुरू कर दिया गया है। पोलियो का उन्मूलन करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी आधार पर 9 दिसम्बर, 1995 और 20 जनवरी, 1996 को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मुख्यसेव्य पोलियो वैक्सीन की दो खुराकें दी जाएंगी।

Pak firing on Indian positions

1080. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the attention of government has been drawn to the press news-item captioned "Pak firing on Indian positions" as reported in the 'Hindustan Times' dated 30th October, 1995;